हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 06 अप्रैल 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री


11 राष्ट्रकवि माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी





12 सांसद रूपकुमारी ने संगठनात्मक कार्यों के लिए युवा मोर्चा पदाधिकारियों को दिया मार्गदर्शन




## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** गुरुद्वारा पारा स्थित एक मकान के सामने से बागबाहरा पुलिस ने देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि गगन सलूजा पिता हरभजन सलूजा निवासी वार्ड नं. 8 गुरुद्वारा पारा अपने मकान के सामने अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने 25 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(1) क आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### चाकू लहरा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**महासमुंद।** गढ़पटनी रोड सिटी मैदान के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे एक व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नरेश ओगरे पिता मालिक राम ओगरे (36 साल) वार्ड क्र 02 भगत सिंह वार्ड बसना एक बड़ा धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट तहत कार्रवाई की और गिरफ्तार किया।

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** हाइसिंग बोर्ड कॉलोनी परसकोल रोड में रहने वाली एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की निवासी दुलारी ने रिपोर्ट लिखाई है कि 03 अप्रैल की रात्रि करीब 10.23 बजे घर के दरवाजा को किसी ने जोर से मारा, जब उसने बाहर जाकर देखा तो उसका पड़ोसी खड़ा था। दरवाजा को मारने संबंधी पूछताछ करने पर वह विवाद करने लगा। इसी बीच उसके घर के ऊपर कमरे में रहने वाला सनी साहू आया और गाली गलौज करने लगा तथा किसी चीज से सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर महासमुंद कोतवाली थाने में आरोपी सनी साहू के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर पिथौरा में दो लोगों के बीच मारपीट के मामले में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर चौक वार्ड नं 10 निवासी दीपक डडसेना और वार्ड नं. एक अमरैयापारा निवासी विजय कुमार यादव उर्फ डागा पिता दिलीप यादव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद और मारपीट हो गई। दोनों ने ही एक-दूसरे के खिलाफ पिथौरा थाने में मामला दर्ज कराया है। जिस पर धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# दूसरी किस्त की प्रतीक्षा में ढहा गरीब का आशियाना, लेत-लतीफी ने तोड़ा सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेज आंधी और तूफान में जहां बेलसोंडा के पास सड़क पर गिरे पेड़ों के कारण बड़ी वाहनों को शनिवार रात वापस घोड़ारी लौटकर बिरकोनी, कांपा या तुमगांव मार्ग से महासमुंद की ओर पहुंची वहीं बेलसोंडा में जनजीवन काफी प्रभावित रहा। आसपास के गांव भी अंधड़ से काफी प्रभावित रहे। बता दें कि साराडीह में तो पीएम आवास की दूसरी किश्त का इंतजार कर रहा अर्धनिर्मित मकान भी इस तेज हवा और अंधड़ की भेंट चढ़ गया। जिला मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर और रायपुर रोड नेशनल हाईवे 353 से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम साराडीह की रहने वाली समुंद सतनामी पति स्व. टेटकु राम सतनामी का जीवन इन दिनों संकट में है। एक विधवा और गरीब होने के नाते, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर स्वीकृत किया गया था। पहली किस्त मिलने के बाद समुन्द सतनामी ने अपने पक्के घर का सपना पूरा करने के लिए निर्माण कार्य शुरू करवाया। सरकारी मदद के भरोसे और अपने आशियाने की उम्मीद में इस गरीब परिवार ने बाहर से कर्ज लेकर मकान का निर्माण कार्य छज्जा लेवल तक पहुंचा दिया था। पहली किस्त की राशि समाप्त होने के बाद परिवार को दूसरी किस्त का इंतजार था ताकि छत ढलाई का काम पूरा किया जा सके और दीवारें मजबूत हो सकें।

## आंधी-तूफान में ढह गया गरीब का आशियाना

### प्रशासनिक देरी और कुदरत की मार

दूसरी किस्त मिलने में हुई अत्यधिक देरी की वजह से निर्माण कार्य महीनों तक अधूरा पड़ा रहा। बिना छत के खड़ी दीवारें तेज हवा और आंधी के गिर गईं। समुंद सतनामी का कहना है कि यदि समय पर दूसरी किस्त मिल जाती, तो छत ढल चुकी होती और घर को गिरने से बचाया जा सकता था। अब स्थिति यह है कि दीवारें गिरने से पुरानी सामग्री भी खराब हो गई है और परिवार पर कर्ज का बोझ और बढ़ गया है।



### ग्रामीणों की मांग जल्द हो भुगतान

इस घटना के बाद से गांव में काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि गरीब परिवारों के लिए समय पर राशि जारी करना बेहद जरूरी है। यदि समय पर भुगतान नहीं होता, तो निर्माण सामग्री महंगी हो जाती है और खुले में पड़ा ढांचा मौसम की मार से बर्बाद हो जाता है। समुंद सतनामी ने अब प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके नुकसान का सर्वे किया जाए और उन्हें अविलंब अगली किस्त के साथ-साथ अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह फिर से अपने रहने लायक घर बना सकें।

## समस्या : कंपनी का टेंडर समाप्त, कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति खराब, बढ़ी चिंता

# शराब दुकान के कर्मचारियों को 2 माह से नहीं हुआ है प्लेसमेंट एजेंसी से वेतन का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की शराब दुकानों के कर्मचारियों को पिछले 2 माह से वेतन नही मिला है। इसके चलते सैकड़ों कर्मचारी इन दिनों आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर के माध्यम से कार्यरत सैकड़ों कर्मचारियों को फरवरी माह से अब तक वेतन का भुगतान नहीं किया है। वेतन न मिलने और कंपनी का टेंडर खत्म होने की खबरों ने कर्मचारियों की चिंता और बढ़ा दी है।



जिले की विभिन्न शराब दुकानों में सेल्समैन, मल्टीपर्पज वर्कर के रूप में लगभग सैकड़ों कर्मचारी तैनात हैं। इन कर्मचारियों की मानें तो उन्हें फरवरी और मार्च महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला है। घर खर्च चलाने, बच्चों की स्कूल फीस और दैनिक जरूरतों के लिए इन कर्मचारियों को दूसरों से कर्ज लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन के संबंध में जब भी उच्च अधिकारियों या एजेंसी के प्रतिनिधियों से बात की जाती है, तो केवल आश्वासन ही मिलता है।

### काम छोड़ने पर रकम डूबने का खतरा

वेतन नहीं मिलने के बावजूद कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर तैनात हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह बेरोजगारी का डर है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि वे अभी काम छोड़ देते हैं, तो उन्हें न तो बकाया वेतन मिलेगा और न ही आने वाले समय में नई कंपनी में काम मिलने की कोई गारंटी रहेगी। इसी मजबूरी के कारण से काम कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांगें हैं कि फरवरी और मार्च माह का रुका हुआ वेतन जल्द से जल्द दिया जाए।

### समस्याओं पर नहीं सजगता

राजस्व का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं शराब दुकानों से आता है, इसके बावजूद वहां काम करने वाले जमीनी स्तर के कर्मचारियों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाना गंभीर चिंता का विषय है। यदि, समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में कर्मचारियों की परेशानी बढ़ेगी।

### टेंडर खत्म होने से बढ़ी असुरक्षा

कर्मचारियों की परेशानी तब और बढ़ गई जब उन्हें पता चला कि ईगल हंटर कंपनी का टेंडर खत्म हो चुका है एवं इसकी जगह काम नई कंपनी दिया जा चुका है। टेंडर खत्म होने की स्थिति में कर्मचारियों के मन में यह डर बैठ गया है कि उनका पिछला बकाया वेतन कहीं डूब न जाए। आमतौर पर जब पुरानी कंपनी का टेंडर खत्म होता है और नई कंपनी आती है, तो पुराने भुगतान को लेकर अक्सर विवाद की स्थिति बनती है। कर्मचारी इसी अनिश्चितता के साए में काम करने को मजबूर हैं।

## बस स्टैंड के पास मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बस स्टैंड के पास सरायपाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को रविंद्र किशोर कानूनगो निवासी उडियापारा वार्ड क्र. 12 ने बताया कि वह पडित होटल में था, उसी समय पता चला कि उसके लड़के कमलेश कानूनगो के साथ कुछ लड़के गाली-गलौच कर डंडा तथा राड अन्य सामान से मारपीट कर रहे हैं।

जिसे इलाज हेतु सरायपाली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसे डॉक्टर ने महासमुंद जिला अस्पताल रेफर किया है। प्रार्थी ने मामले में आरोपी दीपक सिंह, आर्यन पटनायक, बबलू यादव व उनके अन्य साथी के विरूद्ध रिपोर्ट लिखाई है, जिस पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# गांजा का अवैध परिवहन कर रहे पांच लोगों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ गांजा तस्करी में दो महिलाएं भी शामिल कोमाखान पुलिस ने की कार्रवाई, 9 किलो गांजा बरामद

गांजा का अवैध परिवहन कर रहे पांच लोगों पर को मा खा न पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख 50 हजार रुपए का 9 किलो गांजा बरामद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि कोमाखान चौखड़ी एनएच 353 में वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की डिजायर कार क्रमांक एमपी 28 जेडजे 8011 में 05 लोग सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। उक्त कार के वहां पहुंचने पर पुलिस ने पूछताछ की, जिस पर कार चालक ने अपना नाम प्रवीण खेलवाड़ी पिता मनीराम खेलवाड़ी (32 साल) निवासी वार्ड नंबर 35 सोनारे मोहल्ला माता मंदिर चंदनगांव थाना कोतवाली छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) एवं चालक के बगल मे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गणेश भैसाल पिता धनीराम भैसाल (55 साल) निवासी वार्ड नंबर 12 हरिशंकर रोड थाना हरिशंकर रोड जिला बलांगीर (ओडिशा) एवं कार के पीछे बैठे लोगों ने अपने-अपने नाम क्रमशः महेंद्र चौरसिया पिता बुद्धू सिंग चौरसिया (40 साल) निवासी वार्ड नंबर 05 रामटेक थाना रामटेक जिला नागपुर (महाराष्ट्र), सावित्री बाई पति शिवम विश्वकर्मा (35 साल) निवासी वार्ड नंबर 35 इमलीखेड़ा थाना कोतवाली छिंदवाड़ा जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.), सोनम ककोड़िया पति अनुज ककोड़ियि (27 साल) निवासी वार्ड नंबर 03 वीर सावरकर खजरी, थाना पोआमा परतला देहात छिंदवाडा जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) का निवासी होना बताए। तलाशी लेने पर कार के डिक्की कुल 9 किलोग्राम गांजा कीमती 4, 50, 000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

### खेत से सोलर पंप चोरी

**महासमुंद।** खेत में लगे सोलर पंप चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कार्तिकराम प्रभाकर निवासी बुंदेली ने बताया कि 02 अप्रैल की रात पिथौरा जाने के मार्ग में स्थित खेत में सिंचाई हेतु लगे सोलर पंप कीमत 5000 की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# डिजिटल इंडिया का दर्द, अनपढ़ बुजुर्गों पर भारी पड़ रहा ऑनलाइन सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दूर-दराज के गांवों से जिला



अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके परिजनों को इन दिनों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर समस्या ऑफलाइन टोकन सिस्टम के बंद होने और मरीज के साथ आए परिजनों को खाना खाने के लिए उचित जगह नहीं होना एवं सोनोग्राफी सुविधा के ठप होने से उत्पन्न हुई है। पिछले कुछ समय से जिला अस्पताल में ऑफलाइन पर्ची कटाने या टोकन लेने की व्यवस्था पूरी तरह बंद कर दी गई है। अब केवल ऑनलाइन माध्यम से ही टोकन दिए जा रहे हैं।

इसका सीधा असर ग्रामीण इलाकों से आने वाले उन बुजुर्गों और मरीजों पर पड़ रहा है जिनके पास न तो एंड्रॉयड फोन है और न ही उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी है। ग्रामीण क्षेत्र से आए रामलाल ध्रुव ने बताया कि उनके पास छोटा फोन है, जिससे ऑनलाइन टोकन नहीं कट पा रहा है। वहीं, बिसाहिन बाई का कहना है कि वे पढ़ी-लिखी नहीं हैं, ऐसे में ऑनलाइन सिस्टम उनके लिए मुसीबत बन गया है। अस्पताल में कोई वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण इन लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या दूसरों की मदद मांगनी पड़ती है।

### दो महीने से सोनोग्राफी बंद, भटक रहे मरीज

अस्पताल में पिछले दो से तीन महीनों से सोनोग्राफी सिस्टम बंद पड़ा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में पदस्थ डॉक्टर के जाने के बाद से अब तक नए डॉक्टर की ज्वाइनिंग नहीं हुई है। संतोष साहू, जो अपनी गर्भवती पत्नी का चेकअप कराने आए थे, उन्होंने बताया कि अस्पताल में मशीन है, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण उन्हें निजी केंद्रों में अधिक रकम देकर सोनोग्राफी करानी पड़ रही है। गरीब मरीजों के लिए यह आर्थिक बोझ असहनीय होता जा रहा है।

### भोजन के लिए जगह नहीं, रास्तों पर बैठने की मजबूरी

अस्पताल की अव्यवस्था यहीं खत्म नहीं होती। दूरदराज से आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए खाना खाने की कोई उचित जगह निर्धारित नहीं है। इस कारण परिजन अस्पताल के मुख्य रास्तों, गलियारों और सीढ़ियों के पास बैठकर खाना खाने को मजबूर हैं। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि मरीजों के आने-जाने वाले रास्ते भी बाधित हो रहे हैं। परिजन धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि दिनभर अस्पताल में रुकना पड़ता है, लेकिन खाना खाने के लिए कोई साफ जगह नहीं है।




# कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा करना प्रतिबंधित

## रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा- पार्टी अनुशासन को बनाए रखने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने पार्टी अनुशासन को बनाए रखने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, सरपंच, जनपद सदस्य सहित सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर, रायपुर जिले के समस्त अन्य कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है कि अब से किसी भी हालत में जिले के भाजपा विधायकों, मंत्रियों या अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ सार्वजनिक मंच साझा करना या उनके द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम समारोह में भाग लेना पूर्णतः वर्जित रहेगा। श्री बंजारे ने कहा, चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल सरकारी कार्यक्रमों में ही औपचारिक रूप से भाजपा मंत्रियों-विधायकों के साथ मंच साझा कर सकते हैं। सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी भी गैर-सरकारी कार्यक्रम, समारोह, सार्वजनिक मंच या भाजपा द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में भाग



लेना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएगा और ऐसे में उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, चुने हुए जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकारी कार्यक्रमों में भी जहां भाजपा के विधायक या मंत्री कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आदतन गलत बयानबाजी करते हैं, कांग्रेस को कोसते हैं या पार्टी की छवि खराब करने वाले बयान देते हैं, ऐसे कार्यक्रमों में जाने से पूर्णतः परहेज करें। ऐसी स्थिति में औपचारिकता का बहाना बनाकर भी मंच साझा करने या उपस्थित रहने से बचना चाहिए।

### होगी कड़ी कार्रवाई

उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी अनुशासन की मिसाल है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को छोड़कर यदि कोई भी नेता, पदाधिकारी या कार्यकर्ता इस सख्त निर्देश की अवहेलना करता है, तो उससे तुरंत लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन या पार्टी से बाहर करने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

### सख्ती से करें पालन

चुने हुए जनप्रतिनिधि भी यदि सरकारी कार्यक्रमों के अलावा किसी अन्य कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं या कांग्रेस विरोधी बयानबाजी वाले माहौल में भाग लेते हैं, तो वे भी अनुशासनहीनता की श्रेणी में आएंगे और उनके विरुद्ध समान कार्रवाई की जाएगी। पार्टी अब किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह की कि वे इस निर्देश का सख्ती से पालन करें। पार्टी की एकता, विचारधारा और साख बनाए रखना हर कांग्रेसजन का सर्वोच्च दायित्व है। कोई भी अनुशासन भंग करने वाला कार्यकर्ता या नेता पार्टी की नजरों में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्व मंत्री से मिला आरआई एसोसिएशन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी ने प्रांताध्यक्ष प्रशांत दुबे के नेतृत्व में राजस्व मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान संघ की समस्यों और मांगों पर सार्थक चर्चा की गई। इसमें मुख्य रूप से डीपीसी उपरांत 42 लोगों की पदोन्नति सूची जारी करने के बाद शेष बचे 14 लोगों का पूरक पदोन्नति सूची जारी करने के लिए निवेदन किया गया, जिस पर मंत्री सहमति दी। वर्तमान बजट में संसाधन भत्ता के लिए प्रावधानित 1.25 करोड़ की राशि को राजस्व निरीक्षकों को दिये जाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव विजय कुमार शर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार साहू, कार्यकारणी के अन्य सदस्य पवन कश्यप,महेश साहू,शेख समीर, गोपाल प्रधान, जिला दुर्ग से जिला पदाधिकारी कैलाश साहू, राकेश वर्मा, सत्येंद्र कन्नौजे उपस्थित रहे।

### टीबी मुक्त भारत अभियान जिला स्तरीय बैठक हुई

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, निजी अस्पताल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला, आईएमए के पूर्व रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक,सहित जिले के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीबी नोडल अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के द्वितीय चरण में आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निजी अस्पतालों से संभावित टीबी मरीजों की जानकारी साझा करने, एक्स-रे जांच कराने एवं "निक्षय मित्र" के रूप में सहभागिता करने की अपील की गई। जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

# मंदिर परिसर में छुईपाली मंडल के भाजपाइयों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व जिला आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पूर्व भाजपा मंडल छुईपाली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा ग्राम घाटकछार के श्रीराधा माधव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पलता चौहान के साथ में बाबा महामंडलेश्वर ईश्वर दास, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, जनपद सदस्य यशोदा नायक, अजजा वर्ग के जिला मंत्री अन्तराम बिशी, महामंत्री संजय प्रधान, महामंत्री धनीराम पटेल, उपाध्यक्ष नीलांबर नायक, सीताराम पटेल, वेद प्रकाश नायक, महेश नायक, अयोध्या प्रसाद चौधरी, कैलाश साहू, शिशु पाल साहू, एसपी चौहान, उत्तम सालमा, करूणा साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य



■ स्थापना दिवस से पूर्व कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना हैं। इस अभियान के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुष्पलता चौहान ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी भाजपा स्थापना दिवस पर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण करने तथा इसे सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजनों की जानकारी देते हुए कहा कि 6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस मनाया जाएगा। ध्वजारोहण मिठाई वितरण आतिशबाजी और घर घर दीप प्रज्ज्वलित किया जाएगा। वही आगामी 7 अप्रैल को महासमुंद में आयोजित सक्रिय एवं सामान्य सदस्यों के सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया। साथ ही 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान तथा 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# बस्तर में विकास नहीं विनाश की बन रही रणनीति विरोध को दबाने नहीं हटाया जा रहा बल : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

■ अबूझमाड़ के जल-जंगल जमीन पर सरकार की कुदृष्टि

■ नक्सल मुक्त होने के बाद भी बस्तर में 60 हजार सुरक्षा बलों की तैनाती क्यों?

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा की साय सरकार के उस दावे पर सवाल उठाए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ को 100 फीसदी नक्सल मुक्त होने की बात कही है। चंद्राकर ने कहा कि यदि छत्तीसगढ़ पूरी तरह से लाल आतंक मुक्त हो चुका है तो अतिरिक्त 60 हजार



सुरक्षा बलों की तैनाती अभी भी बस्तर क्षेत्र में क्यों है? इन 60 हजार सुरक्षा बलों में 40 हजार केंद्रीय रिजर्व फोर्स है, जिन्हें अब वापस भेज देना चाहिए। लेकिन, सरकार एक साल तक और फोर्स की तैनाती बस्तर में करने की बात कह रही है।

चंद्राकर ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के डेडलाइन अनुसार जब 31 मार्च 2026 तक प्रदेश पूरी तरह नक्सलमुक्त हो चुका है, ऐसे में बस्तर के विकास में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होना चाहिए। क्योंकि, वनांचल क्षेत्र के भोलेभाले आदिवासी भला विकास कार्यों में क्या अवरोध उत्पन्न करेंगे। विरोध तब होगा जब आदिवासियों से उनका जल, जंगल, जमीन छीना जाएगा। क्योंकि, पहले ही भाजपा की साय सरकार ने अडानी के लिए हसदेव अरण्य के लाखों हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हरे-भरे जंगल को काटकर आदिवासियों की मूल भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि हसदेव अरण्य देवभूमि से जहां आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता जुड़ी है। यही नहीं, जिस दंडकारण्य में प्रभु श्रीराम ने अपने वनवास काल के सबसे अधिक समय बिताए थे, उसे भी भाजपा सरकार ने अडाणी प्रेम की भेंट चढ़ा दिया।



### भाजपा स्थापना दिवस के पूर्व राम जानकी मंदिर खट्टा में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** सिरपुर पटेवा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के पूर्व ग्राम खट्टा में अनेक जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर परिसर एवं गली की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्थापना दिवस की उत्साहपूर्वक मनाने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप से दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद अध्यक्ष महासमुंद, गौरी दीवान महामंत्री, किरण सेन, देवकुमारी निषाद, तेजस्विनी दीवान, पिंकी दीवान, तुलसी दीवान, उर्मिला दीवान, नमेश्वरी सेन, गजेंद्र दीवान, बूथ अध्यक्ष दयानंद दीवान, गुमान दीवान, जयशंकर पैकरा, गैंद प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# माओवाद के अंत के साथ बस्तर में विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने कोंडागांव के सुदूर अंचल स्थित ग्राम केजंग में क्षेत्रवासियों को लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए के 11 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क, भवन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं सड़कों, पुलों, जल संरक्षण के कार्य और सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य कराए



जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल में आवागमन को आसान बनाना, कृषि को मजबूती देना और ग्रामीण जीवनस्तर में सुधार लाना है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आम नागरिकों के हित में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र पूर्व में माओवाद से प्रभावित रहा है, किन्तु पूरा छत्तीसगढ़ माओवाद के प्रभाव से मुक्त हो गया है और अब बस्तर संभाग भयमुक्त होकर विकास की मुख्यधारा में तेजी से आगे बढ़ेगा और अधिक समृद्ध होगा। उन्होंने कहा, इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार मिलेगा।

# राशन दुकानों में नहीं पहुंचा चावल, सरकार 3 माह का चावल देने का प्रोपोगंडा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 7 अप्रैल से राशन दुकानों से एकमुश्त तीन माह का चावल दिये जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पिछले पांच महीने से सरकार राशन दुकानों को नियमित राशन तो पहुंचा नहीं पायी है। हकीकत यह है कि अभी तक दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। भारतीय जनता पार्टी सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से पीडीएस के स्टॉक का भौतिक सत्यापन ही नहीं हो रहा है। सहकारी सोसाइटी और उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बना दिया गया है। गरीबों के राशन में घोटाला कर चावल दूसरे राज्यों में बेचा जा रहा है।

उन्होंने कहा, यह सरकार का जनविरोधी कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवाईसी का बहाना कर



■ नहीं हो रहा पीडीएस का भौतिक सत्यापन, उपभोक्ता दुकानें भाजपा के नेताओं के लिए चारागाह बनीं- कांग्रेस

राशन वितरण रोक दिया गया है। 32 लाख उपभोक्ताओं के राशन कार्ड केवाईसी के नाम पर काट दिया गया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी, 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए।

# बृजमोहन की फ्लाईओवर के स्थान पर तात्यापारा सड़क चौड़ीकरण की सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण के स्थान पर सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है।

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में लिखा है कि यह मार्ग शहर के मध्य स्थित अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां घनी आबादी और व्यावसायिक गतिविधियों के कारण यातायात का अत्यधिक दबाव बना रहता है। उन्होंने कहा, पूर्व में मुख्यमंत्री स्वयं इस मार्ग के चौड़ीकरण के पक्ष में निर्णय ले चुके हैं, लेकिन वर्तमान बजट में फ्लाईओवर निर्माण की घोषणा से आमजन में असंतोष व्याप्त है। श्री अग्रवाल ने बताया, मात्र 600-700 मीटर का यह हिस्सा ही जीई रोड का ऐसा भाग है, जो अब तक चौड़ीकरण





से वंचित है और वर्तमान में "बॉटलनेक" बनकर पूरे शहर के यातायात को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संकीर्ण और घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण न केवल अप्रभावी सिद्ध होगा, बल्कि स्थानीय व्यापार एवं संरचना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सड़क चौड़ीकरण की मांग वर्षों से की जा रही है और इसे नगरीय निकाय चुनाव 2025 के "अटल विश्वास पत्र" में भी शामिल किया गया था। इसके बावजूद अब तक इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई, जो चिंता का विषय है।

# मार्कण्डेय बोले- कांग्रेस पदाधिकारियों ने शासकीय जमीन पर किया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराध को बढ़ावा देने वाली एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाली पार्टी बन गई है। कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गोढ़ी की शासकीय जमीन की अवैध रूप से कांग्रेस के ही पदाधिकारियों के नाम से खरीदी-बिक्री की गई है।

डॉ. मार्कण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, इस अवैध खरीदी बिक्री में तत्कालीन पंचायत सचिव, सरपंच, उपसरपंच की मिलीभगत है। कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा की गई अवैध खरीदी-बिक्री को लेकर मंदिरहसौद थाना क्षेत्र में इसकी शिकायत भी की गई है और प्रशासनिक स्तर पर इसकी जांच भी हो रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने बताया, ग्राम गोढ़ी में पूर्व सरपंच गोपाल धीवर वर्तमान में कांग्रेस सेक्टर प्रभारी आरंग है एवं उनकी



पत्नी वर्तमान में जनपद सदस्य है। इनके द्वारा गांव के गैर निवासी के नाम पर शासकीय भूमि दर्ज की गई है। प्रगति मिश्रा के नाम लगभग 4 एकड़ शासकीय भूमि बिना कब्जा के अवैधानिक रूप से पंचायत में प्रस्ताव पारित कर दे दी गई है। इस शासकीय भूमि पर अवैधानिक रूप से कब्जा किया गया है। मंदिर हसौद नगर पालिका में वार्ड क्र.-12 से कांग्रेस पार्षद अनुज मिश्रा हैं, जिसे गलत तरीके से 20 वर्ष से काबिज दिखाकर जमीन आबंटन की गई है, वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग मे महामंत्री के पद पर काबिज प्रवीण सिंह ने भी अवैध तरीके से शासकीय भूमि पर कब्जा किया है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, शासकीय भूमि का गलत तरीके से पट्टा बनाकर उसकी खरीदी-बिक्री की गई है। जो लोग इस घटना में संदिग्ध हैं, अभी फरार हैं। कांग्रेस ने अभी तक अपने पदाधिकारियों के ऊपर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है। एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी होने के नाते उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन कांग्रेस तो अपराध को बढ़ावा देकर अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती रही है। डॉ. मार्कण्डेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपराधियों का प्रोडक्शन हाउस बन गई है।

## राजस्व विभाग की लापरवाही से पंजीकृत किसानों की गिरदावरी की एंट्री नहीं

# पंजीयन के पहले ही गिरदावरी पोर्टल लॉक पीएम आशा योजना के लाभ से किसान वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के रबी दलहन-तिलहन उत्पादक किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये पीएम आशा योजना का लाभ लेने से अनेकों किसान वंचित हो गये हैं। बताया गया है कि किसान पंजीयन पोर्टल के पहले ही गिरदावरी पोर्टल को लाक करने के कारण ऐसा हुआ है।

किसान पंजीयन के लिए शासन ने अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की थी, लेकिन इसके पहले ही गिरदावरी पोर्टल विभागीय तालमेल न होने की वजह से बीते 26 मार्च से बंद हो गया है, जिसके चलते क्राप सर्वे की एंट्री नहीं हो पा रही। ज्ञातव्य हो कि केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और संकटग्रस्त बिक्री को रोकने के उद्देश्य से विभिन्न दलहन-तिलहन फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान बनाया है। प्रदेश के कृषि विभाग ने पहले एकीकृत किसान पोर्टल में ऐसे किसानों के पंजीयन के लिए 1 दिसंबर से 28 फरवरी की तिथि व क्राप सर्वे रिपोर्ट एंट्री करने गिरदावरी पोर्टल 25 मार्च तक खुला रखने का निर्णय लिया था।

### गिरदावरी की एंट्री 25 मार्च को बंद

कृषि संचालक व विभिन्न जिलाधीशों द्वारा डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा तकनीकी त्रुटि के कारण अपडेट नहीं हो पाने के फलस्वरूप संबंधित पोर्टल पर कृषक पंजीयन का रकबा, खसरा का प्रविष्टि नहीं होने की जानकारी देते हुये पंजीयन की अवधि बढ़ाने की मांग पर किसान पंजीयन की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गयी। राजस्व विभाग द्वारा किये जाने वाले क्राप सर्वे (गिरदावरी) का एंट्री का निर्धारित तिथि विभागीय लापरवाही के चलते 25 मार्च ही रह गया।

### किसान संघर्ष समिति ने 15 अप्रैल तक खोलने की मांग की

इसकी वजह से 26 से 31 मार्च तक पंजीयन कराने वाले किसानों का डिजीटल क्राप सर्वे का डाटा एंट्री नही हो पाने की जानकारी देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव विकासशील व मुख्यमंत्री सचिवालय के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह को मेल से ज्ञापन भेज गिरदावरी पोर्टल आगामी 15 अप्रैल तक रबी उत्पादक किसानों के व्यापक हित में पुनः खुलवाने की मांग की है।

खनिज परिवहन की निगरानी करने वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित प्रणाली

# गौण खनिजों की खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाने का प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खनिज क्षेत्र में पारदर्शिता, तकनीकी नवाचार और सुदृढ़ प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने बताया कि छत्तीसगढ़ ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में 16,625 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित कर लक्ष्य का 98 प्रतिशत प्राप्त किया है, जो सुशासन, प्रभावी नीति क्रियान्वयन और मजबूत निगरानी व्यवस्था का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह उपलब्धि न केवल प्रभावी प्रशासनिक रणनीति का परिणाम है, बल्कि राज्य की खनिज आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को भी दर्शाती है। इस वर्ष खनिज राजस्व में 14 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6 प्रतिशत से दोगुनी से अधिक है। यह वृद्धि राज्य शासन द्वारा अपनाए गए सुधारात्मक और तकनीकी उपायों की सफलता को रेखांकित करती है।

### आईटी आधारित प्लेटफार्म से सुधार

खनिज राजस्व में इस वृद्धि के प्रमुख कारकों में एनएमडीसी तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के लिए डिस्पैच रूट्स का प्रभावी अनुकूलन शामिल है। इसके साथ ही, 'खनिज 2.0' जैसे आईटी-आधारित प्लेटफॉर्म के माध्यम से पारदर्शिता, निगरानी और संचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### खनन प्रणाली को बनाएंगे डिजिटल और एकीकृत

आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार का विशेष ध्यान गौण खनिजों को भी 'खनिज 2.0' प्लेटफॉर्म से जोड़ने पर रहेगा, जिससे संपूर्ण खनन प्रणाली को डिजिटल और एकीकृत बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, खनिज परिवहन की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए वीटीएस, आई-चेक गेट्स तथा ड्रोन आधारित निगरानी प्रणाली को और व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस

**महासमुंद।** भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 16 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 के दौरान पीओएस मशीन के माध्यम से यूरिया के अनियमित वितरण के मामलों में जिले के कुल 106 प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि इनमें 86 निजी तथा 20 सहकारी संस्थाएं शामिल हैं, जिनके द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन करते हुए यूरिया का विक्रय अनियमित रूप से किया गया। इस पर संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक कृषि कश्यप ने बताया कि जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने और किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए मैदानी अधिकारियों द्वारा निजी एवं सहकारी संस्थाओं का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को निर्धारित दर पर और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके।

# कई जगहों पर मनाया गया नपा उपाध्यक्ष देवीचंद का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के जन्मदिन पर नगर पालिका कार्यालय में पार्षदों द्वारा, भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा शहर मंडल, राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन सहित कई और जगह जन्मदिन मनाया गया। नपा में पार्षदों ने भव्य स्वागत करते हुए नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के हाथों केक कटाया। वहीं भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे आतिशबाजी फूल माला के साथ देवीचंद राठी का भव्य स्वागत किया गया।

विधायक राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू ने गमछा एवं गुलदस्ता भेंटकर राठी को बधाई दी। भाजपा कार्यालय के मंचीय कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने भाजपा शहर मंडल द्वारा जन्मदिन कार्यक्रम आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 1 साल पहले आज ही के दिन नपा में उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। उपाध्यक्ष बनाने में पार्टी के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। सभी पार्षदों न.पा. में सक्रिय है। हम सब पार्टी को और मजबूत करने के दिशा में कार्य करें, जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता के प्रति ईमानदारी से हम सब को कार्य करना चाहिए। इससे पार्टी की साख और बढ़ेगी। उन्होंने भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी के लिए वे सब को संगठित कर पार्टी को मजबुत बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। जन्मदिन कार्यक्रम को पूर्व नपा अध्यक्ष व पार्षद पवन पटेल, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, महामंत्री मीना वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा, भाजपा नेतागण राजू चंद्राकर, हनीश बग्गा ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, जरीना हफीज कुरैशी, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी धनीराम यदु, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष साहू, शुभ्रा शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, राहुल आवड़े, भाजपा नेता गण संदीप घोष, शंकर चंद्राकर, मुन्ना साहू, ऋषभ बाफना, धर्मेंद्र महोबिया, राकेश सचदेव, महेंद्र सिक्का, गोविंद ठाकुर, राकेश श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, पप्पू ठाकुर, गौरव राठी, रोशन बग्गा, नंदू जलक्षत्री, पांडुरंग मदनकार, नईम खान, यूनुस राजवानी, रेखा बेहरा, अमित साहू, मधु यादव, लक्ष्मी साहू, दुर्गा सार्वा, बंशी साहू, सारिका यादव, निशा नायक, भगवती करकसे, फगवा पटेल, दुर्गा चंद्राकर, अर्चना चंद्राकर, चित्ररेखा साहू, शम्सु खान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रकवि माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती पर हुई काव्य गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय आस्था साहित्य समिति द्वारा राष्ट्र कवि माखनलाल चतुर्वेदी की जयंती पर युद्घ और शांति पर काव्य गोष्ठी का आयोजन वृंदावन विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ. संजीव कर्माकर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद तिवारी पौराणिक ने की।

डॉ.संजीव कर्माकर ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीयता के प्रतीक थे, उनकी रचनाएं युद्ध और शांति आज भी प्रासंगिक है। अध्यक्षीय आसंदी से काव्यपाठ करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि सृष्टि का अस्तित्व मिटे न उजड़े न खिलता चमन। विध्वन्स नहीं निर्माण चाहिए, युद्घ नहीं अब सिर्फ अमन। साहित्यकार एस चंद्रसेन विशेष अतिथि के रुप में कविता पाठ करते हुए कहा कि बदल रहे संस्कार यहां और बदल रहे हैं परिवेश, गुम हुई सभ्यता को ढूंढने अब कहां चला मेरा देश। छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ करते हुए पत्रकार उत्तरा विदानी ने नई ऊंचाईयां दी। धौरा रे बईला गली में हुं करे खा, ले न बासी बेरा हो तोगे। राष्ट्रकवि माखनलाल चतुर्वेदी की प्रसिद्घ रचना पुष्प की अभिलाषा एवं चलो सजाओ सैन्य को सुजाता विश्वनाथन द्वारा सुमधुर आवाज में प्रस्तुत किया गया।

साहित्यकार डॉ. साधना कसार ने कहा कि युद्घ में शह और मात दोनों में आंसू युद्घ नहीं शांति चाहिए, तलवार नहीं पुष्प चाहिए। शहीदों को नमन करते हुए गीतकार सुरेंद्र मानिकपुरी ने इक पाती तेरे नाम लिखा हूं, अपना तुझे सलाम लिखा हूं गाकर कार्यक्रम को खूबसूरत बना दिया। अपने साहित्यिक अंदाज में कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि तेरे आंगन को किलकारियों से फिर महकाऊंगा, तू घबरा मत मां मैं फिर आऊंगा। छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ करते हुए कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री आगी ने समां बांधते हुए कहा कि मत बोहावव खून काकरो फोकटे फोकट मं का पाहूं।

इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. रामशरण चंद्राकर, चंद्रशेखर सिंह गौर, बंधु राजेश्वर खरे, एसआर बंजारे ने अपनी सुमधुर कविता से गोष्ठी को काव्यमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक एवं आभार प्रदर्शन एमआर विश्वनाथन ने किया। कार्यक्रम में उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वर्षा चंद्राकर, शुभ्रा अग्रवाल, मोनिशा बावनकर, जागृति साहू, उर्मिला अग्निहोत्री, आरती गुप्ता, स्वाति ठाकुर, आशा यादव, रिंकी कुर्रे, हेमलता वर्मा, होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निषाद, एमपी साहू, मन्नूलाल साहू सहित वृंदावन विद्यालय के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। उक्त जानकारी साहित्यकार एसआर बंजारे ने दी है।

## जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा और मलबा हटाने की कार्रवाई

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 30 स्थित नया रावण भाठा क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली, जहां रंगमंच के सामने बोरिंग नल के पास लंबे समय से जमा मलबा और अवैध कब्जे के कारण जलस्रोत पूरी तरह से दब गया था। स्थिति ऐसी थी कि बोरिंग नल दिखाई तक नहीं दे रहा था, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही वार्ड पार्षद धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से अवैध कब्जा और जमे मलबे को हटाने की कार्रवाई की गई। पार्षद ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्र में पानी की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बोरिंग को पुनः चालू कर उससे सी-टेक्स (पाइप लाइन) के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि वार्डवासियों को नियमित पानी मिल सके। इस कार्य में नगर पालिका प्रभारी दिलीप चंद्राकर का भी अहम योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई हुई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होने से अब उन्हें राहत मिलेगी।



# बावनकेरा में 52 यूनिट रक्त संग्रहित



**झलप।** ग्राम बावनकेरा में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल व्योमिका सिंह, सोफिया कुरैशी के नाम से लगातार दूसरे वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन मिडिल स्कूल चौक में मॉडल ब्लड बैंक मेकाहारा रायपुर के सहयोग से किया गया। इस शिविर में लगभग 52 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। जिसमें सभी धर्म के पुरुष एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शिविर में शामिल रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम के धनेश सिन्हा ने कहा कि बावनकेरा जिले का एक ऐसा गांव है, जहां हिंदू पर्व पर मुस्लिम जमात और मुस्लिम त्यौहार पर हिंदू समाज का पूरा सहयोग रहता है।




## जलकी में राज्य स्तरीय रामायण का आयोजन

**महासमुंद।** जलकी में आयोजित राज्य स्तरीय रामायण आयोजन में सिरपुर पटेवा मंडल के महामंत्री सुनील पटेल, गोपी ध्रुव, मंडल उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, होरीलाल पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, मंडल मीडिया प्रभारी मनोज यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष उमेश गोल्डी साहू, सरपंच प्रतिनिधि रामाधार दीवान, चंद्रशेखर पटेल, तीरथ दीवान, युवा मोर्चा के लक्की टावरी, अजय साहू, नीतीश गजेंद्र, मनीष नंदे एवं जलकी के समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालुजन उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाए।
















## खबर संक्षेप



### मां शीतला के चरणों में हीरा जड़ित चांदी का नेत्रदान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव की नगर कुलदेवी मां शीतला के चरणों में नगर के वरिष्ठजन स्व.जीवन लाल पुरैना की स्मृति में उनके पुत्र वीरेंद्र पुरैना इंडियन आर्मी व उनके परिजन द्वारा हीरा से जड़ित चांदी का नेत्र दान किया गया है।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का 15वां स्थापना दिवस आज

**महासमुंद।** शहर के गोल बाजार स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का 15वां स्थापना दिवस आज सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष भारत खत्री ने बताया कि इस पावन अवसर पर हनुमान के भक्तों के सानिध्य में विशेष हवन-पूजन और महा भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे से होगी, जिसमें दोपहर 12 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजन और महाआरती की जाएगी। पश्चात दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आम भंडारे का आयोजन होगा।

### घोड़ारी में सतनाम गुरु ग्रंथ समारोह आज से

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में 6 से 9 अप्रैल तक अखंड तीन दिवसीय सतनाम गुरु ग्रंथ समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यकम में प्रत्येक मंडली को सतनाम समाज द्वारा 1302 रुपए व दानदाता द्वारा 569 रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। कार्यकम का शुभारंभ 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें सतनाम सेना अखाड़ मुंगेली का भव्य प्रदर्शन होगा। कार्यकम में प्रमुख अध्यक्ष रामकुमार बंजारे, उपाध्यक्ष भुवन बंजारे, सचिव सुधीर बंजारे, कोषाध्यक्ष महेंद्र ओगरे सहित संगरक्षक नैनकुमार बंजारे, राजेश मन्नाडे, सावंत गायकवाड, छन्नू रात्रे, लीलाधर जोशी, संतोष ओंगरे, सियाराम कोसले रहेंगे। विशेष कार्यकर्ता में सुनील बंजारे, प्रवीण परमार, चंदन मन्नाडे, राजेश भारती, सुमीत धृतलहरे अमरदास बंजारे, चंद्रशेखर सोनवानी होंगे। सतनाम समाज के पदाधिकारियों ने गुरु ग्रंथ समारोह का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



# छग पुलिस अकादमी के सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी बने एसआई भरत, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम बावनकेरा के एक साधारण किसान परिवार से आने वाले होनहार युवा भरत यादव ने न केवल अपने गांव और परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। कठिन परिश्रम, अटूट लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर चयनित होने के बाद भरत ने अपने प्रशिक्षण में भी श्रेष्ठता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

**अकादमी के 'सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी (रायपुर) में आयोजित सूबेदार/उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर संवर्ग के 9वें बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के दीक्षांत समारोह के दौरान भरत यादव को उनके सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण विषयों में से एक नक्सल समस्या एवं राज्य की प्रतिक्रिया में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भरत यादव को प्रतिष्ठित शहीद लव कुमार भगत ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के हाथों देश के एक वीर शहीद के नाम पर ट्रॉफी प्राप्त करना किसी भी युवा अधिकारी के लिए जीवन के सबसे बड़े और गर्व के क्षणों में से एक होता है।

**कम उम्र में बड़ा संघर्ष बना प्रेरणा स्रोत**

जानकारी के अनुसार भरत ने कम उम्र में ही जीवन के संघर्षों, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के महत्व को समझा। उनकी यह सफलता अब क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा स्रोत बन गई है। गाxव में इस असाधारण उपलब्धि को लेकर लोगों ने हर्ष जताया है।

■ भारत की यह सफलता अब क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी बन गई एक प्रेरणा स्रोत

**पंचायत का पहला सब-इंस्पेक्टर**

भरत की इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल उनके पिता गजानंद यादव और माता गणेशिया बाई के जीवन को धन्य कर दिया है, बल्कि ग्रामीणों के बीच भी खुशी और गर्व का अपार माहौल पैदा कर दिया है। विशेष और ऐतिहासिक बात यह है कि बावनकेरा गांव और पंचायत से पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर बनने वाले भरत पहले व्यक्ति हैं, जिससे ग्रामीणों का उत्साह दो गुना हो गया है।

# सांसद रूपकुमारी ने संगठनात्मक कार्यों के लिए युवा मोर्चा पदाधिकारियों को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी के निवास पर भेंटकर दिल्ली से लौटने पर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजयुमों पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

भेंट के दौरान सांसद ने उपस्थित युवा मोर्चा पदाधिकारियों को संगठनात्मक कार्यों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन अपने अनुशासन, समर्पण और कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है, और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवा मोर्चा को संगठन की रीढ़ बताते



हुए कहा कि युवा शक्ति के उत्साह, ऊर्जा और नवाचार से ही संगठन को नई दिशा और गति मिलती है। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने आगे कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सेवा, समर्पण और संगठन के सिद्धांतों पर कार्य करें तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और विश्वास दिलाया कि वे पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा आगामी समय में विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य करेगा। अंत में सभी पदाधिकारियों ने सांसद का मार्गदर्शन प्राप्त कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण में हुआ तीसरा मेगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी,



विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा हेतु 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आयोजित यह तीसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-03) मंडी उपनिरीक्षक भर्ती के संपूर्ण सिलेबस पर आधारित था। इस टेस्ट पेपर में कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग, भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर जैसे विषय शामिल थे। इस तीसरा टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत एवं बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों ने भाग लेकर परीक्षा दी। साव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत चौथा व अंतिम मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-04) आगामी 12 अप्रैल 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः संपूर्ण सिलेबस पर आधारित होगा।

## मेडिकल रिकॉर्ड किए जा रहे नष्ट मरीज ले सकते है प्रतिलिपि

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसना द्वारा वैधानिक नियमों के तहत वर्ष 2019 एवं 2020 के सभी मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट किए जा रहे हैं। जिन मरीजों अथवा उनके परिजनों को मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतिलिपि आवश्यक है, वे 30 अप्रैल 2026 तक अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए मरीज से संबंधित उचित जानकारी एवं आवश्यक अनुमति पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सभी संबंधित व्यक्तियों से अपील की गई है कि निर्धारित तिथि के भीतर अस्पताल में आकर अपने मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर लें। 30 अप्रैल 2026 के बाद सभी रिकॉर्ड स्थायी रूप से नष्ट कर दिए जाएंगे।



# मौसम का बदला मिजाज, बौछारों से मिली तपिश से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्र में सप्ताहभर से जारी भीषण गर्मी और उमस के बीच रविवार को मौसम अचानक बदल गया। सुबह करीब 10 बजे आसमान में उमड़े काले घने बादलों की वजह से सुबह ही शाम जैसा नजारा दिखने लगा। घने अंधेरे और तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे क्षेत्रवासियों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली है।

रविवार सुबह की शुरुआत रोज की तरह धूप के साथ हुई थी, लेकिन सुबह करीब 10 बजे अचानक मौसम बदल गया। बादल के छाने के साथ ही क्षेत्र में तेज हवा चलने



लगीं। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि सड़कों पर धूल का गुबार उठने लगा, जिससे राहगीरों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी बीच हुई हल्की बारिश की फुहारों ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। पिछले एक सप्ताह से पिथौरा और आसपास के ग्रामीण अंचलों में गर्मी लगातार बढ़ रहा था, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा था। गर्मी के कारण ग्रामीण इलाकों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरने लगा था। रविवार को मौसम के इस बदले रूप ने न केवल तापमान को नीचे गिराया, बल्कि लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से भी सुकून दिया।

## घोयनाबाहरा में संत कर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** खल्लारी क्षेत्र के ग्राम घोयनाबाहरा में आयोजित संत माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू ने माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज की एकता व खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान घोयनाबाहरा ग्रामीण साहू समाज के प्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने साहू का स्वागत किया। अपने संबोधन में नपाध्यक्ष ने सामाजिक एकता, आपसी सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा समाज अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के इष्ट देवी देवताओं के आशीर्वाद से साहू समाज पूरे छग में अपनी विशेषता के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने संत माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं समाजजनों को दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, युवा व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पिथौरा में भाजपा का स्वच्छता अभियान, स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला आह्वान पर पिथौरा मंडल द्वारा स्थानीय शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी भाजपा स्थापना दिवस पर अपने-अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलन एवं ध्वजारोहण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इस आयोजन को सोशल मीडिया पर भी साझा करें, ताकि व्यापक स्तर पर जनजागरूकता बढ़े। भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने स्थापना दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने आगामी 7 अप्रैल को महासमुंद में



आयोजित सक्रिय एवं सामान्य सदस्यों के सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। साथ ही गांव बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, विजय नायक, विक्की सलूजा, वेदप्रकाश गोयल, मन्नूलाल ठाकुर, रामकुंवर सिन्हा, दीपक देवी, गजेंद्र, अंजलि पांडे, संदीप सेन, राजेश चौधरी, दुर्गेश सिन्हा, पुष्पराज, गजेंद्र देव एवं डड़सेना सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पिथौरा में द्वितीय श्याम अखाड़े का आयोजन, श्रद्धा और उत्साह के साथ उमड़ेगा श्याम प्रेमियों का सैलाब

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर में दूसरे वर्ष भी श्री श्याम अखाड़े का विशाल आयोजन किया जाएगा। कृषि उपज मंडी समिति के सामने बया रोड स्थित मैदान में आयोजित होने वाले इस महोत्सव को लेकर श्याम भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे नगर में बड़ी संख्या में होर्डिंग्स और पोस्टर लगाए गए हैं। जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। श्याम भक्त मंडल के सदस्य न केवल स्थानीय स्तर पर तैयारियों में जुटे हैं, बल्कि सरायपाली, बसना, सांकरा, झलप और बागबाहरा जैसे अंचलों में जाकर श्याम सेवा समितियों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रथम आयोजन की लोकप्रियता के बाद से ही अंचल के भक्त इस द्वितीय अखाड़े का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। महोत्सव का शुभारंभ सायं 7 बजे बाबा श्याम के अलौकिक श्रृंगार और अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भजन संध्या की मुख्य प्रस्तुति मुंबई की विख्यात गायिका अंजलि द्विवेदी, गायक अंबरीश कुमार और सुदर्शन कुमार द्वारा दी जाएगी। साथ ही रायपुर के विनय अग्रवाल, संबलपुर के अरुण सिंह और सरायपाली के श्याम शर्मा व खगेश डड़सेना अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। बाबा के शीश के विशेष श्रृंगार का दायित्व प्रसिद्ध भजन गायक सुरेश राजस्थानी को सौंपा गया है, जो श्रृंगार के साथ-साथ भजनों की अमृत वर्षा भी करेंगे। संगीत की कमान निर्मल म्यूजिकल ग्रुप संभालेगा।



# दुख में जो साथ दे, वही सच्चा मित्र : पं. मिथलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अध्यात्म और भक्ति की अविरल धारा इन दोनों नगर के महामाया तालाब में बह रही है। भागवताचार्य पं.मिथलेश कुमार तिवारी (तुसदा वाले) ने सुदामा चरित्र का भावपूर्ण और अर्थपूर्ण वर्णन किया। नरोत्तम दास कृत सुदामा चरित्र निर्धन ब्राह्मण सुदामा और राजा कृष्ण की सच्ची मित्रता की अमर कहानी है। पत्नी के कहने पर सुदामा उपहार स्वरूप चावल लेकर द्वारका जाते हैं। कृष्ण अपने मित्र का भव्य स्वागत करते हैं, बिना मांगे ही उनकी गरीबी दूर कर देते हैं, जो निःस्वार्थ प्रेम और मित्रता का प्रतीक है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि ईश्वर केवल मनुष्य की कर्म ही नहीं बल्कि यह भी देखता हैं कि वह क्या खा रहा है। क्या दे रहा है और किस भाव से जीवन जी रहा है। इन्हीं कर्मों और आचरण के क्रम के अनुसार मनुष्य को जीवन में फल प्राप्त होता है। उन्होंने सुदामा चरित्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदामा अत्यंत निर्धन होने के बावजूद मन से शुद्ध और आचरण से संयमी थे।

उन्होंने बताया कि सुदामा द्वारा खाया गया चना सामान्य प्रतीक होता है, लेकिन वह शापित था और उसके सेवन का प्रतिफल सुदामा को अपने जीवन में भुगतना पड़ा। यह प्रसंग इस बात की ओर संकेत करता है कि भोजन पेट भरने का साधन नहीं है, उसका संबंध हमारे कर्म और भाग्य से भी जुड़ा होता है, इसलिए मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह क्या खा रहे हैं और किस भाव से ग्रहण कर रहा हैं। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा ने कृष्ण को वह चना इसलिए नहीं दिया, क्योंकि वे जानते थे कि वह शापित है। सुदामा का यह विवेक दर्शाता है कि सच्ची भक्ति में अज्ञान नहीं, बल्कि समझ और सतर्कता होती है। उन्होंने आगे बताया कि सुदामा ने कृष्ण को चावल अर्पित किए और उसी अर्पण के माध्यम से भगवान ने उन्हें वह सब कुछ प्रदान किया, जो वे देना चाहते थे। यह संदेश है कि भगवान को वही अर्पित करना चाहिए, जो शुद्ध, सात्विक और कल्याणकारी हो। पं. मिथलेश कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान मनुष्य की जीवन में उसी को पढ़ाते हैं, जिसे वह अर्पित करता है, यदि भाव शुद्ध है और अर्पण निस्वार्थ है, तो ईश्वर की कृपा स्वतः प्राप्त होती है। सुदामा ने कुछ भी मांगने के बजाय केवल प्रेम और श्रद्धा अर्पित की और बदले में उन्हें ऐश्वर्य, सम्मान और सुख की प्राप्ति हुई। सुदामा चरित्र यह सिखाता है कि सच्ची संपन्नता बाहरी धन में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में होती है।



सुदामा चरित्र के माध्यम से पं. तिवारी ने यह स्पष्ट किया कि ईश्वर कहीं दूर नहीं, बल्कि हमारे आचरण, भोजन, दान और भाव में प्रकट होते हैं। जो मनुष्य संयम, विवेक और श्रद्धा के साथ जीवन जीता है, उनके जीवन में भगवान की कृपा स्वतः उत्तर आती है। उन्होंने सुदामा और कृष्ण की झांकी पर फूलों की वर्षा की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर दिनकर राव अंबिलकर, गीता अंबिलकर, लड्डू, लाडली, चंद्रभागा अंबिलकर, अमरनाथ साहू, एवन, जोनू साहू, गायत्री बाई साहू, कृष्ण कुमार साहू, दामिनी साहू, अंजलि बाई, सेवती साहू, सीराबाई साहू, महेश्वरी, मनीषा, लता, घनश्याम, सरस्वती, खिलेश्वरी, जानकी, समर, नेहा, तुषार साहू आदि उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

